बहुउद्देशीय मात्स्यिकी सहकारी समितियों (M-FCS) के लिए आदर्श उपविधियां

एन एफ डी बी
NFDB

राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड
मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार
हैदराबाद

मार्च, 2025

अध्याय-I

सहकारी समिति की पहचान

1. नाम : ________________ बहुउद्देशीय मात्स्यिकी सहकारी समिति लि.

2. पता : समिति का पंजीकृत डाक पता
(समिति की अवस्थिति), दूरभाष एवं ईमेल पता

3. कार्यक्षेत्र : समिति के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित राजस्व ग्राम / पंचायतें होंगी;

i) ___________

ii) ___________

iii) ___________

iv) ___________

4. परिभाषाएं:

(4.1) **"अधिनियम"** से वह सहकारी सोसाइटी अधिनियम अभिप्रेत है जिसके अधीन उक्त समिति पंजीकृत है;

(4.2) **"कृषि"** से खेती और संबंधित कार्यकलाप अभिप्रेत हैं;

(4.3) **"जलीय कृषि (Aquaculture)"** से मीठे पानी, खारे पानी या समुद्र में मत्स्य, घोंघा (molluscs), क्रस्टेशियन और जलीय पौधे सहित जलीय जीव की कृषि अभिप्रेत हैं;

(4.4) **"कार्यक्षेत्र"** से वह भौगोलिक क्षेत्र (राजस्व ग्राम/पंचायत) अभिप्रेत है जहां से समिति को उपविधियों के विनिर्देशानुसार अपना सदस्य बनाने का प्राधिकार है;

(4.5) **"शीर्ष समिति"** से वह पंजीकृत समिति अभिप्रेत है जिसका कार्यक्षेत्र में संपूर्ण राज्य हो और जिसके सदस्य के रूप में केवल समान उद्देश्य वाली अन्य समितियां हों जिसकी घोषणा पंजीयक द्वारा की गई हो;

(4.6) **"संपरीक्षक"** से समिति के लेखाकर्मों का संपरीक्षण करने के लिए अधिनियम में यथापरिभाषित सहकारी समितियों के पंजीयक अथवा समिति द्वारा नियुक्त प्रमाणित संपरीक्षक अभिप्रेत है;

(4.7) **"निदेशक मंडल"** से अभिप्रेत समिति की प्रबंधन समिति या शासी निकाय है, चाहे उसे जिस किसी भी नाम से पुकारा जाए, जिसका गठन अधिनियम के अनुरूप हुआ हो और जिसे समिति के कारबार का निदेशन, नियंत्रण और प्रबंधन सौंपा गया हो;

(4.8) **"शाखाएं"** से समिति की शाखाएं अभिप्रेत है;

(4.9) **"उपविधियां"** से सहकारी समिति की तत्समय लागू पंजीकृत उपविधियां अभिप्रेत है जिसमें उनका संशोधन भी शामिल है;

(4.10) **"केंद्रीय समिति"** से ऐसी समिति अभिप्रेत है जिसका क्षेत्राधिकार एक या एक से अधिक राजस्व जिले से है परंतु उसके कार्यक्षेत्र में संपूर्ण राज्य नहीं है तथा उसके सदस्य के रूप में केवल ऐसी अन्य समितियां हैं जिसकी घोषणा पंजीयक या सरकार द्वारा की गई हो;

(4.11) **"मुख्य कार्यकारी अधिकारी" (CEO)** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे समिति के कार्यकारी प्रधान के रूप में निदेशक मंडल द्वारा मुख्य कार्यपालक, प्रबंध निदेशक अथवा सचिव, आदि जैसे किसी भी पदनाम से बोर्ड के पर्यवेक्षण, नियंत्रण और निदेशन के अध्यधीन, कारबार और दैनंदिन प्रचालनों/ कार्यकलापों का प्रबंधन करने के लिए नियुक्त किया गया है;

(4.12) **"सहकारी अधिकरण"** से संबंधित अधिनियम के अधीन संस्थित सहकारी अधिकरण अभिप्रेत है;

(4.13) **"समिति"** से किसी सहकारी समिति का शासी निकाय अभिप्रेत है चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारा जाए, जिस पर समिति के कारबार का प्रबंधन सौंपा गया हैं;

(4.14) **"वस्तुएं"** से ताजा/कच्चा, जीवित, प्रशीतीत, प्रसंस्कृत और मूल्य वर्धित मत्स्य, सीवीड समुद्री सिवार (seaweeds) उत्पाद और अन्य मात्स्यिकी उत्पाद अभिप्रेत है;

(4.15) "**प्रतिनिधि**" से वह सदस्य अभिप्रेत हैं जिसे समिति द्वारा किसी परिसंघ अथवा अन्य संगठन में समिति की अभिरुचि के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया है;

(4.16) **"निदेशक"** से निदेशक मंडल का ऐसा सदस्य अभिप्रेत है चाहे उसे जिस भी नाम से पुकारा जाए, जिसे अधिनियम, नियमों या उपविधियों द्वारा विधिवत निर्वाचित अथवा अभिहित अथवा सह-योजित किया गया है;

(4.17) **"निर्वाचन आयोग"** से किसी प्रसंग के संदर्भ में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में सहकारी निर्वाचन आयोग अभिप्रेत है;

(4.18) **"कर्मी"** से ऐसे व्यक्ति अभिप्रेत हैं जिन्हें समिति की के दैनंदिन कार्यों को चलाने के लिए निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त किया गया है;

(4.19) **"मात्स्यिकी"** से मछली पकड़ना, उनका संरक्षण व प्रबंधन सहित मत्स्य पालन और उससे संबंधित कार्यकलाप अभिप्रेत हैं;

(4.20) **"मत्स्य पालन"** से विभिनन विभिन्न मात्स्यिकी तकनीकों का प्रयोग करके प्राकृतिक अथवा मानवनिर्मित्त परिवेश/ जलाशयों (मीठे जल, खारे जल अथवा समुद्री) जैसे समुद्र, नदियां, झीलों, तालाबों, नहरों, आद्रभूमि, जलाशयों, आदि से मछली पकड़ने जैसे कार्यकलाप अभिप्रेत हैं;

(4.21) **"मछुआरा"** से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो अंतरदेशीय जलाशयों, खारे जलाशयों और समुद्र में मछली पकड़ने और/या जलीय कृषि की आर्थिक और/या आजीविका के कृत्यों में सक्रिय रूप से जुड़े जुड़ा है; मछुआरों में मत्स्य कामगार, मत्स्य किसान या व्यक्तियों के ऐसे अन्य वर्ग शामिल हैं जो प्रत्यक्ष रूप से मत्स्य पालन और मात्स्यिकी संबंधी सहायक कार्यकलापों सहयोगी गतिविधियों से जुड़े हैं ।

(4.22) **"किसान"** से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो जलीय कृषि और/या अन्य प्राथमिक कृषि सामग्रियों के उत्पादन की आर्थिक और/या आजीविका के कार्यकलापों में सक्रिय रूप से जुड़ा है और इसमें जलीय

कृषि, कृषि, पोल्ट्री और पशुधन पालक, मधुमक्खी पालक, पशुचारक, गैर-कॉरपोरेट रोपणकर्ताओं (planters) के साथ-साथ बागवानी, पुष्पकृषि, रेशम उत्पादन, वर्मिकल्चर और कृषि-वानिकी जैसे कृषि संबंधी विभिन्न कार्यकलाप से जुड़े व्यक्ति शामिल होंगे;

(4.23) **"वित्तपोषण बैंक"** से वह बैंक अभिप्रेत है जिससे समिति संबद्ध है या जिसके द्वारा समिति को मुख्यत: वित्तपोषित किया जाता है। वित्तपोषण वित्तपोषक बैंक बनने के लिए के चयन में सहकारी बैंकों को प्राथमिकता दी जाएगी;

(4.24) **"वित्तीय वर्ष"** से वह अवधि अभिप्रेत है जो किसी वर्ष के अप्रैल माह के प्रथम दिवस से आरंभ होकर उत्तरवर्ती वर्ष के मार्च माह की के 31वें दिवस को समाप्त होगी;

(4.25) **"साधारण निकाय"** से समिति के "क" श्रेणी के सभी सदस्यों वाली निकाय अभिप्रेत है;

(4.26) **"सरकार"** से प्रसंग के संदर्भ में राज्य सरकार/भारत सरकार/राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के उपयुक्त प्राधिकरण अभिप्रेत हैं;

(4.27) **"सदस्य की देयता"** से प्रत्येक सदस्य की देयता की सीमा अभिप्रेत है जो समिति की पूंजी में उसके द्वारा किए गए अंशदान के लिए धारित शेयरों तक सीमित है;

(4.28) **"सदस्य"** से अधिनियम, नियमों और उपविधियों के अनुसरण में समिति के पंजीकरण के पश्चात् सदस्य के रूप में प्रवेश कराया गया व्यक्ति अभिप्रेत है;

(4.29) **"अभिहित सदस्य"** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे अधिनियम, नियमों और उपविधियों में यथाउपबंधित किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए अभिहित सदस्य के रूप में समिति की सदस्यता में प्रवेश दिया गया हो और उसे मतदान का अधिकार नहीं होगा;

(4.30) **"NFDB"** से राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड अभिप्रेत है जो मत्स्य पालन विभाग; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थापित एक स्वायत्त संगठन है;

(4.31) **"पदाधिकारी"** से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे उपविधियों के अनुसरण में सहकारी समिति के किसी पद पर साधारण निकाय या बोर्ड द्वारा निर्वाचित किया गया है; जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, आदि शामिल हैं;

(4.32) **"व्यक्ति"** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसकी आयु 18 वर्ष से कम न हो;

(4.33) **"अध्यक्ष"** से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे अधिनियम, नियमों और उपविधियों के उपबंधो के अनुसरण में निर्वाचित किया किया गया है और जो समिति और उसके सदस्यों के समग्र विकास और प्रगति, समिति की नीति निर्णयों के कार्यान्वयन और समिति द्वारा सहकारी अधिनियम, नियमों एवं उपविधियों के उपबंधों के विधिवत् अनुपालन हेतु उत्तरदायी होगा;

(4.34) **"पेशेवर निदेशक"** से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे लेखांकन, वित्त, प्रबंधन, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, विधि, मात्स्यिकी, कृषि, सहकारिता, सहकारी प्रबंधन के क्षेत्र अथवा समिति के कार्यकलापों से संबंधित किसी अन्य विशेषीकृत क्षेत्र में विशेषज्ञ होने के कारण, और जो समिति के मामले या कारोबार में मार्गदर्शन और सलाह देने को इच्छुक हो, समिति के निदेशक मंडल में मतदान के अधिकार के बिना निदेशक के रूप में नियुक्त या सहयोजित किया गया हो;

(4.35) **“आरबीआई”** से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम**, 1934** द्वारा संस्थित भारतीय रिजर्व बैंक है;

(4.36) **"पंजीयक"** से सरकार द्वारा सहकारी सोसाइटी अधिनियम के अनुसार पंजीयक के कार्यों का निष्पादन करने के लिए नियुक्त सहकारी समितियों का पंजीयक अभिप्रेत है और इसमें पंजीयक की सहायता करने और पंजीयक की सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग करने के लिए नियुक्त कोई व्यक्ति शामिल है;

(4.37) **"नियम"** से सहकारी अधिनियम जिसके अधीन समिति पंजीकृत है**,** के अधीन निर्मित नियम अभिप्रेत हैं;

(4.38) **“मुहर”** से समिति का साधारण मुहर अभिप्रेत है जिसमें स्थापना का वर्ष दर्ज हो;

(4.39) **"समिति"** से सहकारी समिति अभिप्रेत है;

(4.40) **“उप समिति”** से निदेशक मंडल द्वारा उपविधियों के अनुसार किसी विशेष/विशिष्ट कार्य और किसी विशिष्ट अवधि के उद्देश्य के लिए संस्थित उपसमिति अभिप्रेत है, चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारा जाए;

(4.41) **“उपाध्यक्ष”** से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे अधिनियम**,** नियमों और उपविधियों के अनुसरण में निर्वाचित किया गया है जो समिति के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा ।

अध्याय II
उद्देश्य और सेवाएँ

5. समिति के उद्देश्य

समिति के उद्देश्य होंगे:

5.1 शीर्ष समिति के माध्यम से या स्वतंत्र रूप से सदस्यों के आर्थिक लाभ के लिए अंतर्देशीय, खारे पानी और समुद्री जलाशयों में मछली पकड़ने या पालने, मत्स्य उत्पादों का विपणन, भंडारण और परिवहन (जैसे मछली पकड़ना, मत्स्य पालन, झींगा पालन, केज कल्चर (**cage culture)**, सजावटी मत्स्य पालन, थोक और खुदरा इकाइयां; बर्फ संयंत्रों, प्रसंस्करण इकाइयां, शीतागारों की स्थापना, इंसुलेटेड ट्रक और मात्स्यिकी से संबंधित कोई अन्य कार्य) का संवर्धन और सहायता करना ।

5.2 समिति के कार्यक्षेत्र में उसके सदस्यों को तकनीकी और वित्तीय सहायता के माध्यम से कैप्चर फिशरीज (**capture fisheries**) और जलीय कृषि (जैसे कि मछली पकड़ने के जाल, बर्फ, मछली का चारा, खाद, उर्वरक, उन्नत मत्स्य बीज/बीज उत्पादन, मशीनरी/ उपकरण, अन्य निविष्टियां, इत्यादि) में फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंकेज का विपणन और भंडारण सुविधा का संवर्धन और विकास करना; मत्स्य और मात्स्यिकी उत्पादों तथा किसी अन्य उपज/उत्पादों (जैसे कि खेत की फसलों, फलों और सब्जियों, पुष्पकृषि, डेयरी कार्यकलाप, पोल्ट्री, मधुमक्खी पालन, रेशम उत्पादन, रोपण, भेड़, बकरी, खरगोश, सूअर और अन्य भूमि/समुद्र आधारित कृषि से संबंधित कार्य और उनका प्रसंस्करण) के लिए फॉरवर्ड लिंकेज (जैसे कि संग्रहण, प्रशीतन, ग्रेडिंग, सफाई, मूल्य-वर्धन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन, भंडारण [शीतागार], प्रसंस्करण, मूल्य श्रृंखला [परिवहन, लॉजिस्टिक्स, प्रशीतन वैन, इत्यादि]) का संवर्धन और विकास करना;

5.3 समिति और उसके सदस्यों के लाभ के लिए अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु किन्हीं स्थानीय निकायों/ सरकारों/ विभागों/विश्वविद्यालयों/समितियों/कंपनियों के साथ सहयोग, या व्यवस्था या सहभाग करना;

5.4 भूमि, भवनों, गोदामों, बर्फ संयंत्रों, शीतागारों, प्रसंस्करण-पूर्व इकाइयों, प्रसंस्करण इकाइयों और अन्य ऐसी आवश्यक आस्तियों का स्वामित्व धारण करना और पट्टा/किराए पर लेना;

5.5 मात्स्यिकी के लिए आवश्यक उपस्करों, उपकरणों, मछली पकड़ने के जाल, स्पेयर पार्ट्स तथा मात्स्यिकी एवं जलीय कृषि से संबंधित अन्य वस्तुओं की खरीद, भंडारण करना और थोक या खुदरा बिक्री करना ।

5.6 अपने कार्यक्षेत्र तथा उसके बाहर अपने सदस्यों और गैर-सदस्यों के लाभ हेतु किराए पर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपस्करों का स्वामित्व रखना;

5.7 मत्स्य भंडारण, मछली पकड़ने और विपणन के लिए सरकार, स्थानीय निकाय संगठनों से अपने कार्यक्षेत्र के जलाशयों को पट्टे पर लेने के लिए प्रतिभाग करना;

5.8 सेवा या कारबार संचालन (जैसे अवसंरचना विकास, सामुदायिक केंद्र, अस्पताल, शिक्षा संस्थान, खाद्यान्न प्रापण, उचित मूल्य की दुकान, या कोई सरकारी योजना, एलपीजी/पेट्रोल/ डीजल/हरित ऊर्जा/कृषि या घरेलू

उपभोग्य और टिकाऊ सामग्रियों/कृषि मशीनरी की डीलरशिप/एजेंसी/डिस्ट्रीब्यूटरशिप या आपूर्ति, कौशल विकास के लिए सदस्यों का प्रशिक्षण आदि) में शामिल होना जिससे समिति या उसके सदस्यों की सुविधाओं और आय में वृद्धि हो सके;

5.9 राज्य सरकार और उसके संगठनों द्वारा या उनसे अनुमोदित/समर्थित किसी वित्तीय संस्थाओं से शेयर पूंजी, जमा और उधार के माध्यम से कार्यक्षेत्र में वित्तीय मानदंडों (जैसे ऋण पात्रता और दिए गए ऋण को सुरक्षित करने के लिए) को अनुरक्षित करते हुएअपने सदस्यों को मात्स्यिकी से संबंधित फॉरवर्ड और बैकवर्ड कार्यकलापों के विकास के लिए समयबद्ध और पर्याप्त अल्पकालिक और मध्यमकालिक ऋण प्रदान करना या सहायता करना, उपभोग या चिकित्सा उद्देश्य के लिए सामग्रियों/बॉन्ड/प्रतिभूतियों आदि जैसे संपार्श्विक/प्रतिज्ञा वित्तपोषण के विरुद्ध ऋण प्रदान करना;

5.10 अपने कार्यक्षेत्र में सभी सदस्यों और गैर-सदस्यों की सामाजिक-आर्थिक, वित्तीय और कारबार संबंधी सूचना एकत्रित करना जिससे नीति संरचना, मात्स्यिकी विकास या संबंधित कारबार या विकासात्मक योजना सशक्त हो सके और जो कार्यक्षेत्र के सभी हितधारकों के लिए भी लाभकारी भी हो;

5.11 समिति और उसके सदस्यों की आय वर्धन के लिए मात्स्यिकी, कृषि, डेयरी कार्यकलापों और अन्य कार्यकलापों से संबंधित अभिनव प्रौद्योगिकी या विस्तारण कार्य कलापों (मृदा और जल गुणवत्ता परीक्षण, रोग निदान, तकनीकी परामर्श प्रदान करना सहित) का संवर्धन, विकास और प्रदर्शन करना;

5.12 ऐसी किसी भी आस्ति या व्यवस्था का सृजन/स्थापना करना या सहायक संस्थाओं की स्थापना करना जो उत्पादन, एकत्रण, प्रसंस्करण और विपणन के लिए समिति और उसके सदस्यों के लिए लाभकारी हो;

5.13 मत्स्य संपदा के संरक्षण एवं प्रबंधन, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, कौशल विकास के प्रति जागरुकता निर्माण में प्रतिभाग करना या प्रोत्साहित करना, मेलों एवं प्रदर्शनियों अथवा मात्स्यिकी एवं संबद्ध क्षेत्रों में विस्तारण संबंधी कार्यों में भागीदारी/आयोजन करना;

5.14 प्रशिक्षण, एक्सपोजर दौरे या क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से अपने सदस्यों एवं उनके परिवारों (विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं) तथा प्रबंधन एवं स्टाफ को सहकारी सिद्धांतों, मूल्यों एवं कार्यों के बारे में शिक्षित करना जिससे कार्यक्षेत्र में सभी हितधारकों में सामाजिक सद्भाव और आर्थिक लाभ को बढ़ावा मिल सके;

5.15 वित्तीय/बैंकिंग संस्थाओं के लिए एजेंट या बैंक मित्र/व्यवसाय अभिकर्ता/व्यवसाय सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करना;

5.16 सदस्यों और उनके परिवारों, विशेषकर बच्चों में साक्षरता/शिक्षा, लघु बचत को प्रोत्साहित करना;

5.17 अपने सदस्यों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन के लिए एक एजेंसी के रूप में कार्य करना तथा सूक्ष्म बीमा/बीमा प्रदान करना;

5.18 अपने कार्यक्षेत्र में सहकारिता आधारित कार्यकलापों में युवाओं और महिलाओं को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करना और उन्हें प्रोत्साहित करना;

5.19 शिक्षा (स्कूल, कॉलेज), स्वास्थ्य (अस्पताल, डिस्पेंसरी, नैदानिक प्रयोगशाला, एम्बुलेंस सेवा), पर्यटन और पर्यावरण तथा सतत विकास कार्यकलापों के क्षेत्र में समुदाय-आधारित सेवाएं प्रदान करना;

5.20 अपने कार्यक्षेत्र में लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (**DBT**) के माध्यम से सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकारी योजनाओं में प्रतिभाग करना;

5.21 सरकार द्वारा विभिन्न प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली सूचना/डेटा केंद्र के स्रोत के रूप में कार्य करना;

5.22 अपने कार्यक्षेत्र में ऑनलाइन/डिजिटल सेवाओं की सुविधा के लिए कॉमन सर्विस सेंटर सामान्य सेवा केंद्र के रूप में कार्य करना;

5.23 समिति के सदस्यों के लाभ के लिए अपने कार्यक्षेत्र और उसके बाहर विपणन और समान कार्यकलाप करना;

5.24 ऐसे अन्य कार्यकलाप करना जो उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सहायक व प्रासंगिक हों तथा सदस्यों व समिति के लाभ के लिए साधारण निकाय द्वारा अनुमोदित हों ।

6 समिति की सेवाएँ

उपर्युक्त उद्देश्यों के आलोक में समिति निम्नलिखित सेवाएं या व्यावसायिक कार्यकलापों से जुड़ सकती है:

6.1 अपने सदस्यों को समर्थन देने के लिए कैप्चर फिशरीज (**capture fisheries**), जलीय कृषि और इसके उत्पादों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज विपणन और भंडारण से संबंधित कार्यकलाप;

6.2 समिति और उसके सदस्यों के लाभ के लिए उत्पादन, एकत्रण, प्रसंस्करण और विपणन के लिए आस्ति निर्माण या व्यवस्था या सहायक संस्थाओं की स्थापना;

6.3 भूमि, भवनों, गोदामों, बर्फ संयंत्रों, शीतागारों, प्रसंस्करण-पूर्व इकाइयों, प्रसंस्करण इकाइयों और अन्य ऐसी आवश्यक आस्तियों का स्वामित्व धारण करना, पट्टा/किराए पर लेना;

6.4 मत्स्य भंडारण, मछली पकड़ने और मत्स्य विपणन के लिए सरकार, स्थानीय निकाय संगठनों से अपने कार्यक्षेत्र में जलाशयों को पट्टे पर लेने के लिए प्रतिभाग करना;

6.5 मात्स्यिकी सेक्टर क्षेत्र में सेवाओं या व्यवसायिक कार्यों, जैसे मछली पकड़ने के आवश्यक उपस्करों, उपकरणों, मछली पकड़ने के जाल, स्पेयर पार्ट्स और मात्स्यिकी एवं जलीय कृषि से संबंधित अन्य वस्तुओं, आदि की थोक या खुदरा बिक्री में शामिल होना;

6.6 गैर-सेक्टर क्षेत्र से असम्बद्ध कार्यकलापों (जैसे अवसंरचना विकास, सामुदायिक केंद्र, अस्पताल, शिक्षा संस्था, खाद्यान्न प्रापण, उचित मूल्य की दुकान या कोई सरकारी योजना, एलपीजी/पेट्रोल/ डीजल/हरित ऊर्जा/ कृषि या घरेलू उपभोग्य और टिकाऊ सामग्रियों/कृषि मशीनरी की डीलरशिप/एजेंसी/डिस्ट्रिब्यूटरशिप या

आपूर्ति, कौशल विकास के लिए सदस्यों का प्रशिक्षण, आदि) की सेवाएं प्रदान करना या व्यवसायिक कार्यकलाप करना जिससे समिति या उसके सदस्यों के लाभ में वृद्धि हो सके;

6.7 राज्य सरकार और उसके संगठनों द्वारा या उनसे अनुमोदित/समर्थित किसी वित्तीय संस्थाओं से शेयर पूंजी, जमा और उधार के माध्यम से कार्यक्षेत्र में वित्तीय मानदंडों (जैसे ऋण पात्रता और दिए गए ऋण को सुरक्षित करने के लिए) को अनुरक्षित करते हुए अपने सदस्यों को मात्स्यिकी से संबंधित फॉरवर्ड और बैकवर्ड विपणन और भंडारण कार्यकलापों के विकास के लिए समयबद्ध और पर्याप्त अल्पकालिक और मध्यमकालिक ऋण प्रदान करना या सहायता करना, उपभोग या चिकित्सा उद्देश्य के लिए सामग्रियों/बॉन्ड/प्रतिभूतियों, आदि जैसे संपार्श्विक/प्रतिज्ञा वित्तपोषण के विरुद्ध ऋण प्रदान करना;

6.8 समिति और उसके सदस्यों की आय वर्धन के लिए मात्स्यिकी, कृषि, डेयरी कार्यकलापों और अन्य कार्यकलापों से संबंधित अभिनव प्रौद्योगिकी या विस्तारण कार्यकलापों (मृदा और जल गुणवत्ता परीक्षण, रोग निदान, तकनीकी परामर्श प्रदान करना सहित) का संवर्धन, विकास और प्रदर्शन करना;

6.9 मत्स्य संपदा के संरक्षण एवं प्रबंधन, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, कौशल विकास के प्रति जागरुकता निर्माण में प्रतिभाग करना या प्रोत्साहित करना, मेलों एवं प्रदर्शनियों अथवा मात्स्यिकी एवं संबद्ध क्षेत्रों में विस्तारण संबंधी कार्यों में भागीदारी/आयोजन करना;

6.10 ऐसे अन्य कार्यकलाप करना जो उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सहायक व प्रासंगिक हों तथा सदस्यों व समिति के लाभ के लिए साधारण निकाय द्वारा अनुमोदित हों।

अध्याय III

सदस्यता

7. सदस्यता:

(**7.1**) **सदस्यता के प्रकार**: समिति की सदस्यता के दो प्रकार या राज्य अधिनियम/नियमों द्वारा यथा उपबंधित सदस्यता के प्रकार होंगे ।

"**क"-वर्ग सदस्य**: 'क 'वर्ग के सदस्य समिति के शेयरधारक होते हैं जो उपविधियों में प्रदत्त सभी सदस्यता अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं ।

"ख" वर्ग के सदस्य: 'ख' वर्ग के सदस्य समिति के नाममात्र सदस्य होते हैं ।

(**7.2**) **'क' वर्ग की सदस्यता के लिए पात्रता**:

निम्नलिखित व्यक्ति, पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन, **क-वर्ग** के सदस्य होंगे :

क. समिति के पंजीकरण के समय प्रवर्तक;

ख. वह व्यक्ति जो,

i) वह व्यक्ति जो संचालन क्षेत्र में निवास करता हो और भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 11 के अधीन अनुबंध करने की क्षमता रखता हो (18 वर्ष से अधिक आयु का हो, स्वस्थ मानसिक स्थिति में हो और किसी भी कानून द्वारा प्रतिबंधित न हो) और

ii) वह व्यक्ति जो प्रत्यक्ष रूप से मत्स्याखेट या जलीय कृषि या किसी अन्य संबद्ध कार्यकलाप में संलग्न हो, जिसमें मत्स्य कर्मी, संचालन क्षेत्र में मछली पकड़ने की नाव रखने वाले व्यक्ति, समिति के संचालन क्षेत्र में जलीय कृषि के लिए भूमि रखने वाले व्यक्ति शामिल हैं; लेकिन वे व्यक्ति जो मछली पकड़ने की नाव, जाल, इंजन और अन्य मछली पकड़ने के उपकरण बेचते या किराए पर देते हैं, या मछुआरों को ऋण प्रदान करते हैं, वे सदस्य बनने के पात्र नहीं हैं ।

iii) उसके नाम पर अथवा किराए/पट्टे के आधार पर मात्स्यिकी से संबंधित आस्तियां (जलकृषि फार्म/इकाइयां) हो ।

iv) किसी अन्य पंचायत/गांव में किसी अन्य मात्स्यिकी सहकारी समिति (FCS) का सदस्य नहीं है; [यदि पंचायत/गांव में कोई एफसीएस नहीं है, तो सदस्य रजिस्ट्रार के अनुमोदन के बाद निकटवर्ती बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि क्रेडिट समिति (M-PACS) या बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समिति (M-DCS) का लाभ उठा सकते हैं]।

7.3 'ख'-वर्ग की सदस्यता के लिए पात्रता और अन्य शर्तें:

क वह व्यक्ति जो समिति के साथ व्यावसायिक संबंध रखना चाहता है, उसे 10/- रुपये के प्रवेश शुल्क का भुगतान करके करने पर नाममात्र के सदस्य के रूप में प्रवेश दिया जाएगा, यह शुल्क गैर-वापसी योग्य होगा लौटाया नहीं जाएगा और समिति के की आरक्षित निधि में जमा किया जाएगा ।

ख एक व्यक्ति जो सीधे तौर पर कृषि, डेयरी या मात्स्यिकी कार्यकलापों के अलावा से इतर अन्य सभी संबद्ध कार्यकलापों में लगा हुआ है;

ग स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, किसान हित समूह, काश्तकार किसान या भूमि और सुविधाओं के उपयोगकर्ता, श्रमिक, सूक्ष्म उद्यमी, ग्रामीण कारीगर और अन्य संबद्ध कार्यकलापों में संलग्न लगे व्यक्ति, समिति के नाममात्र सदस्यों के रूप में स्वीकार किए जाएंगे ।

घ कोई भी संगठन जो भारत (अथवा विदेश) में किसी अधिनियम के तहत पंजीकृत है, केवल व्यावसायिक उद्देश्यों प्रयोजन के लिए नाममात्र सदस्य के रूप में स्वीकार किया जाएगा ।

ङ नाममात्र के सदस्यों को किसी भी बैठक में भाग लेने, समिति के मामलों में मतदान करने का कोई अधिकार नहीं होगा और वे समिति से लाभांश प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे।

च नाममात्र के सदस्य समिति के निदेशक मंडल के सदस्य के लिए निर्वाचन में भाग नहीं ले सकते हैं ।

छ एक नाममात्र सदस्य जो अपनी व्यक्तिगत क्षमता या मुचलकेदार जमानतदार या गारंटर के रूप में समिति का देनदार है, वह तब तक ऐसा सदस्य बना रहेगा जब तक कि समिति की देनदारी पूरी तरह से पूरी नहीं हो जाती ।

ज नाममात्र के सदस्यों को कोई शेयर प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा, लेकिन समिति में अलग रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें उनकी सदस्यता के प्रमाण के रूप में उनके हस्ताक्षर और पूरा पता होगा ।

7.4 सदस्यों की अपात्रता या अयोग्यता:

कोई व्यक्ति समिति के सदस्य के रूप में प्रवेश करने या बने रहने के लिए पात्र नहीं होगा और वह सदस्य नहीं रहेगा, यदि :

क ऐसे किसी अपराध के लिए दंड दिया गया है जिसमें नैतिक अधमता अंतर्वलित है, ऐसे दंड को वापस नहीं किया गया हो;

ख किसी विधायी न्यायालय द्वारा किसी अन्य अपराध के लिए दोष सिद्ध किया गया है और उसे तब तक तीन माह या उससे अधिक के लिए कारावास की सजा दी गई है जब तक कि उसकी रिहाई के बाद 5 वर्ष की अवधि बीत न गई हो;

ग दिवालिया या दिवालिया के रूप में अधिनिर्णीत है;

घ ऐसे निष्कासन की तारीख से 2 वर्ष की अवधि के भीतर समिति या किसी अन्य सहकारी समिति द्वारा निष्कासित किया गया है;

ङ समिति के निदेशक मंडल द्वारा समय-समय पर किए गए निर्णय के अनुसार अंशदान, अभिदान, यदि कोई हो, सहित किसी भी बकाया राशि के भुगतान में चूक हुई है और भुगतान की सूचना प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर भुगतान नहीं किया है।

च यदि सदस्य अब मत्स्याखेट/जलीय कृषि/संबद्ध कार्यकलापों में कोई कार्यकलाप नहीं करता है या उसके नाम पर या किराए/पट्टा के आधार पर संपत्ति (जलीय कृषि फार्म/इकाइयों) का स्वामित्व नहीं रखता है;

छ मानसिक रूप से अक्षम है;

ज ऋण प्रदान करने के व्यवसाय में है;

झ एक अन्य सहकारी समिति का सदस्य है जो समान सेवाएं प्रदान कर रही है;

ञ किसी बैंक/वित्तीय संस्थान/समिति का बकायादार है;

ट समिति की किसी भी सेवाओं या उत्पादों का उपयोग नहीं करता है और लगातार तीन वर्षों तक सामान्य निकाय में अनुपस्थित रहता है;

ठ अधिनियम/नियमों के उपबंधों के अनुसार कोई अन्य निरर्हता हो ।

7.5 सदस्यता की प्रक्रिया :

क कोई भी व्यक्ति जो समिति का सदस्य बनने का इच्छुक हो और उपविधियों के अनुसार पात्र हो, निर्धारित शुल्क पर आवेदन पत्र प्राप्त सकता है और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) को विधिवत् भरा आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत कर सकता है ।

ख समिति में नए सदस्यों को शामिल करने के लिए केवाईसी अनिवार्य है।

ग मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंतिम निर्णय के लिए निदेशक मंडल के समक्ष आवेदन फॉर्म प्रस्तुत करेगा जो आवेदन प्राप्त होने की तारीख से तीन माह की अधिकतम अवधि के भीतर निर्णय लेगा।

घ मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) निदेशक मंडल की बैठक के 15 दिनों के भीतर आवेदक को उनके निर्णय की जानकारी देगा । यदि आवेदक आवेदन को स्वीकार किया जाता है, तो उसे प्रवेश शुल्क और अंशदान की राशि जमा करने के लिए कहा जाएगा, साथ ही निदेशक मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जैसे पहचान प्रमाण, निवास प्रमाण, संपत्ति (मछली पकड़ने की नाव, भूमि) का स्वामित्व प्रमाण, अनौपचारिक समूह/अन्य सहकारी समिति

का संकल्प आदि । इन दस्तावेजों के प्रस्तुत होने पर, आवेदक को समिति का सदस्य स्वीकार कर लिया जाएगा ।

ङ सदस्यता सदस्यता देने से इनकार करने के विरुद्ध अपील रजिस्ट्रार के समक्ष फाइल की जा सकती है और रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

च क-वर्ग सदस्य बनने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सोसायटी के कम से कम पांच शेयर (प्रत्येक शेयर का मूल्य 100 रुपये) अर्थात 500 रुपये का अंशदान करना होगा । सदस्य को प्रवेश के समय 10 रुपये का प्रवेश शुल्क भी देना होगा, जो वापस नहीं किया जाएगा ।

छ भर्ती सदस्यों को सहकारी मूल्यों, सिद्धांतों, उनके अधिकारों और दर्शन तथा समिति में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं तथा लाभों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए ।

7.6 सदस्यों द्वारा शेयर अभिदान:

क किसी सदस्य द्वारा अधिकतम शेयरधारिता समिति की कुल अभिदत्त शेयर पूंजी के 1/5वें भाग तक सीमित होगी।

ख प्रत्येक व्यक्ति जिसे शेयर आबंटित किए जाते हैं, वह शेयर प्रमाण पत्र प्राप्त करने का हकदार होगा जिसमें उसे आबंटित शेयरों की संख्या और उसके द्वारा भुगतान की गई राशि निर्दिष्ट होगी।

ग प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र पर अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी या समिति के निदेशक मंडल द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे ।

घ समिति अपने सदस्यों को समय-समय पर जारी/हस्तांतरित किए गये शेयरों का रिकॉर्ड तथा समिति के साथ प्रत्येक सदस्य के लिए उपलब्ध शेयर पूंजी की राशि दर्शाते हुए अंशों शेयरों का एक रजिस्टर बनाए रखेगी ।

ङ समिति को यह पूर्ण अधिकार होगा कि वह सदस्य से वसूले जाने वाले संबंधित ऋणों या किसी अन्य बकाया राशि के लिए शेयर राशि और उस पर अर्जित लाभांश को समायोजित कर सके। यह सिद्धांत पूर्व सदस्यों और दिवंगत सदस्यों पर भी लागू होगा ।

च समिति को सोसाइटी के पूंजी आधार को सशक्त करने के लिए अर्जित लाभांश का उपयोग करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

छ समिति द्वारा घोषित लाभांश की दर का निर्णय निकाय की आम बैठक में किया जाएगा ।

7.7 सदस्य के अधिकार:

7.7.1 ''क' वर्ग सदस्यः प्रत्येक 'क' वर्ग सदस्य को निम्नलिखित अधिकार होंगे:

क आम निकाय की बैठक में भाग लेने, उसमें सहभागिता करने और मतदान करने का अधिकार;

ख वार्षिक रिपोर्ट और लेखा की प्रति प्राप्त करना;

ग निदेशकों का निर्वाचन करना और यदि पात्र हो तो बोर्ड में निदेशक के रूप में चुनाव लड़ना, बशर्ते कि वह कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए समिति का सदस्य रहा हो;

घ समिति द्वारा प्रदत्त सभी सेवाओं/सुविधाओं या अवसंरचनात्मक सहायता का लाभ उठाना;

ङ अपनी अभिदत्त शेयर पूंजी पर समिति द्वारा अर्जित लाभ में हिस्से के रूप में लाभांश प्राप्त करने के लिए बशर्ते कि समिति के मात्स्यिकी कार्यकलापों से लाभांश को क्रमशः मात्स्यिकी धारक सदस्यों को ही पुर्वितरित किया जाएगा और समिति के अन्य सभी लांभांश अन्य सभी किसान सदस्यों को पुनः वितरित किया जाएगा;

च निदेशक मंडल या आम निकाय द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाने वाली शर्तों पर ऋण लेना या समिति की सुविधाओं का लाभ उठाना;

छ समिति में अपने खातों का निःशुल्क निरीक्षण करना और प्रति पृष्ठ 2/- रुपये के शुल्क का भुगतान करके इसकी एक प्रति प्राप्त करना;

ज वार्षिक रिपोर्ट, लेखाओं के संपरीक्षित विवरण, संपरीक्षा रिपोर्ट, निरीक्षण रिपोर्ट और अनुपालन रिपोर्ट का निरीक्षण करना;

झ निकाय की आम बैठकों और निदेशक मंडल की बैठकों से संबंधित कार्यवृत्त पुस्तिका में दर्ज कार्यवाही की प्रति प्राप्त करना;

ञ समिति के अधिनियम, नियमों और अद्यतन उपविधियों की प्रति प्राप्त करना;

ट किसी जांच या विशेष संपरीक्षा रिपोर्ट की प्रतियों का निरीक्षण करना; और

ठ समिति में अधिनियम के अनुसार समिति की आम निकाय द्वारा यथा विनिश्चय की गई न्यूनतम सेवाओं के संव्यवहार के अध्यधीन मतदान का अधिकार प्राप्त करना ।

7.7.2 "ख" वर्ग के सदस्य-नाममात्र सदस्य: प्रत्येक नाममात्र सदस्य को निम्नलिखित अधिकार होंगे:

क समिति द्वारा निर्धारित निबंधनों और शर्तों पर समिति द्वारा प्रदान की गई गैर-कृषि क्षेत्र ऋण और अन्य गैर-ऋण सुविधाओं को प्राप्त करना;

ख नाममात्र सदस्यों को दिए गए गैर-कृषि ऋणों से उत्पन्न होने वाले कुल लाभांश का 10% तक प्रोत्साहन प्राप्त करना;

ग अपने स्वामित्व वाली सुविधाएं प्रदान करना जो समिति और उसके सदस्यों के लिए समिति के प्रचालन के क्षेत्र के भीतर अथवा बाहर परस्पर निर्धारित निबंधनों और शर्तों पर लाभकारी हो सकती हैं ।

7.8 सदस्य के कर्तव्य:

क समिति की सदस्यता के लिए गृहीत किए जाने से पूर्व प्रत्येक आवेदक को यह घोषणा करनी होगी कि उसने उपविधियों के उपबंधों को पढ़ा और समझा है और समिति, अधिनियमों और नियमों के उपविधियों द्वारा बाध्य रहेगा और उस पर समिति की उपविधियां, अधिनियम और विनियम बाध्यकारी होंगे ।

ख ऐसे सदस्य जो पंजीकरण के लिए आवेदन में शामिल होने के करने के कारण पहले से ही सदस्य हैं, उसे समिति के पंजीकरण के एक माह के भीतर ऐसी घोषणा पर हस्ताक्षर करना आवश्यक होगा ।

ग कोई भी सदस्य सदस्यता के किसी अधिकार का उपयोग तब तक नहीं करेगा जब तक कि उन्होंने उपर्युक्त घोषणा पर हस्ताक्षर नहीं कर लिए हो और उसने प्रवेश शुल्क तथा उनके द्वारा अभिदत्त शेयरों के पूर्ण मूल्य का भुगतान न कर दिया हो ।

7.9 सदस्यों की देयता:

समिति के 'क' वर्ग के सदस्य, परिसमापन/विघटन की स्थिति में, आस्तियों में घाटे के लिए अंशदान करने के लिए संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी होंगे, जो उसके द्वारा अभिदत्त या भुगतान की गई शेयर पूंजी की सीमा तक सीमित होगा ।

7.10 सदस्यता और शेयर पूंजी की वापसी:

निदेशक मंडल की बैठक में संकल्प स्वीकार करने के पश्चात् ही सदस्य की सदस्यता वापस ली जा सकती है और ऐसे सभी संकल्प आम निकाय के समक्ष सूचना के लिए रखे जाएंगे । यदि सदस्य ने समिति को सभी समस्त बकाया राशि का भुगतान कर दिया है और प्रतिभूति के रूप में देयता का भुगतान किया है, यदि कोई हो,का भुगतान किया है तो वह अपनी सदस्यता पूर्ण रूप से वापस ले सकता है, बशर्ते कि एक उक्त सदस्य को निदेशक मंडल को तीन महीने का नोटिस देना आवश्यक होगा और एक लिखित अनुरोध कर, उसके कारणों को बताना होगा । सदस्यता की वापसी/समाप्ति सदस्य को सदस्य के रूप में किसी भी वित्तीय या अन्य देयताओं से मुक्त नहीं करती है ।

7.11 सदस्य का निष्कासन:

समिति के किसी सदस्य को आम निकाय में न्यूनतम 50 प्रतिशत कोरम के साथ एक प्रस्ताव द्वारा निष्कासित किया जा सकता है और उपस्थित और मतदान करने वाले दो तिहाई बहुमत से पारित किया जा सकता है यदिः

क उसने समिति के हित के विरुद्ध कार्य किया है; या

ख सदस्य के रूप में उनका बने रहना समिति के कामकाज के लिए हानिकारक या पूर्वाग्रही हो;

बशर्ते कि संबंधित सदस्य को तब तक निष्कासित नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे राज्य सहकारी समिति अधिनियम/नियमों के अनुसार मामले में सुनवाई का उचित अवसर न दिया गया हो। निष्कासन के विरुद्ध अपील राज्य सहकारी समिति अधिनियम/नियमों के अनुसार दायर की जा सकती है ।

7.12 सदस्य द्वारा नामांकन:

कोई सदस्य किसी ऐसे व्यक्ति को नामिती के रूप में नामित कर सकता है जिसके पक्ष में समिति ऐसे सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हिस्से या हित का निपटान करेगी । यदि कोई नामांकित व्यक्ति नामित नहीं है, तो नामांकित व्यक्ति वर्तमान उत्तराधिकार कानून के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।

अध्याय IV

पूंजी एवं निधियां

8. निधियां एवं स्रोत:

समिति साधारणतया निम्नलिखित स्रोतों से निधियां प्राप्त करेगी :

1. प्रवेश शुल्क
2. शेयर पूंजी
3. उधार राशि
4. जमा राशि
5. आरक्षित और अधिशेष
6. अनुदान और सब्सिडी
7. संदान
8. व्यावसायिक कार्यकलापों से आय

(8.1) प्रवेश शुल्क: समिति 'क ' और 'ख ' दोनों वर्ग के सदस्यों से 10 रुपये का प्रवेश शुल्क एकत्र करेगी । प्रवेश शुल्क अप्रतिदेय होगा ।

(8.2) शेयर पूंजी:

क समिति की प्राधिकृत शेयर पूंजी समय-समय पर आम निकाय द्वारा निर्धारित की जाएगी और समिति के रजिस्टर द्वारा अनुमोदित की जाएगी।

ख प्रत्येक शेयर का मूल्य 100 रुपये होगा । शेयरों का कुल मूल्य सदस्यों को इसके आबंटन पर एकमुश्त भुगतान किया जाएगा ।

ग सदस्यों द्वारा धारित शेयर पूंजी पर लाभांश अधिनियम में निर्धारित अधिकतम सीमा के अध्यधीन सामान्य निकाय में यथा विनिश्चित रूप से उन्हें संवितरित किया जाएगा।

घ कोई सदस्य समिति से सदस्यता वापस लेने पर ही अपनी शेयर पूंजी निकाल सकता है । सदस्य की मृत्यु के बाद, उसके नामिती व्यक्ति को शेयर पूंजी की राशि का भुगतान किया जाएगा, बशर्ते कि सोसाइटी के प्रति कोई बकाया राशि हो तो उसे पहले समायोजित किया जाएगा । यदि नामित व्यक्ति सदस्यता के लिए आवेदन करता है, तो यह राशि निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नामित व्यक्ति के शेयर पूंजी खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी ।

ङ किसी भी वर्ष में ऋण से जुड़े शेयर पर देय अधिकतम लाभांश उस वर्ष में अनुसूचित बैंकों द्वारा देय ब्याज की दर से अधिक नहीं होगा, और इस लाभांश को शेयर में जोड़ा जाएगा।

(8.3) समिति की उधारी राशियाँ और अधिकतम उधार लेने की अधिकतम क्षमता:

समिति को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समिति के रजिस्ट्रार के अनुमोदन से संबंधित जिला केंद्रीय सहकारी बैंक या किसी अन्य वित्तीय संस्थान से धन उधार लेना चाहिए । अधिकतम बकाया उधार किसी भी समय प्रदत्त शेयर पूंजी के 25 गुना से अधिक नहीं होगा और संचित हानियों को घटा कर आरक्षित निधि से अधिक नहीं होगा ।

(8.4) जमा राशि :

समिति केवल अपने सदस्यों से जमा स्वीकार करेगी और जमा की ब्याज दर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की संबंधित जमा ब्याज दर से 2% से अधिक नहीं होगी । समिति निदेशक मंडल के अनुमोदन से अलग जमा नियम और योजनाएं तैयार करेगी ।

(8.5) ऋण और अग्रिम राशि

ऋणों के लिए आवेदन निदेशक मंडल के समक्ष अनुमोदन हेतु रखे जाएंगे । समिति विभिन्न प्रकार के ऋण, प्रभारित की जाने वाली ब्याज दर, अपेक्षित सुरक्षा/संपार्श्विक और अन्य निबंधन और शर्तों के लिए पृथक् ऋण नीति तैयार करेगी जो निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की जाएगी । ऋण की किसी भी अस्वीकृति के बारे में उचित समयावधि के भीतर व्यक्तिगत सदस्य को अलग से सूचित कर दिया जाएगा। अस्वीकृति के सभी मामलों को भी आम निकाय के समक्ष सूचनार्थ रखा जाएगा ।

(8.6) आरक्षित और अधिशेष:

समिति अपने आरक्षित निधि और अधिशेष निधि के लिए प्रत्येक वर्ष निवल लाभ (या अधिनियम के उपबंधों के अनुसार) का 25% विनियोजित करेगी । समिति की आरक्षित निधि समग्र रूप से उसी की होगी और किसी भी सदस्य का इसमें हिस्से का दावा नहीं होगा । हालांकि, समिति आम निकाय के अनुमोदन से व्यवसाय में अपने आरक्षित निधि और अधिशेष निधि के 25% तक का उपयोग कर सकती है । आरक्षित निधि और अधिशेष निधि के 25% से अधिक किसी भी राशि का उपयोग करने के लिए रजिस्ट्रार की अनुमति लेनी होगी ।

(8.7) अनुदान और सब्सिडी

समिति सरकार और अन्य एजेंसियों से अनुदान और सब्सिडी प्राप्त कर सकती है।

(8.8) संदान

समिति विशिष्ट प्रयोजनों के लिए अपने सदस्यों, सरकार और अन्य एजेंसियों से संदान प्राप्त कर सकती है । समिति के संदर्भ में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन समिति के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए वित्तीय संस्थाओं और निगमित संस्थाओं से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) निधियां भी प्राप्त कर सकती है ।

अध्याय V
समिति का प्रबंधन

9. आम निकाय

(9.1) समिति का अंतिम प्राधिकरण आम निकाय में निहित होगा। समिति के आम निकाय में निम्नलिखित शामिल होंगे:

क समिति के सभी 'क' वर्ग के सदस्य/शेयरधारक;

ख राज्य सरकार के नामिती;

(9.2) उपविधियों के अन्य उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, आम निकाय के पास निम्नलिखित शक्तियां और कर्तव्य होंगे: -

क अधिनियम, नियमों और उपविधियों में निर्धारित प्रक्रियाओं और रजिस्ट्रार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों/निर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल का निर्वाचन और निष्कासन;

ख बोर्ड द्वारा तैयार और प्रस्तुत की गई समिति की वार्षिक रिपोर्ट पर विचार;

ग नवीनतम संपरीक्षा रिपोर्ट और उसके अनुपालन पर विचार करना और खातों का संपरीक्षित विवरण;

घ वार्षिक बजट का अनुमोदन;

ङ अधिनियम और उपविधियां, यदि कोई हो, उसके उपबंधों के अनुसार किए गए निरीक्षण और जांच की रिपोर्ट पर विचार करना;

च निदेशकों और उनके संबंधियों को दिए गए ऋणों और अग्रिमों से संबंधित मामले पर विचार करना और चूक के मामले में उनकी वसूली के लिए की जाने वाली कार्रवाई;

छ निवल लाभ का विनियोजन;

ज विशिष्ट रिजर्व और अन्य निधियों का सृजन और अन्य निधियों के वास्तविक परिनियोजन की समीक्षा करना;

झ उपविधियों में संशोधन, यदि कोई हो;

ञ सदस्य का निष्कासन, यदि कोई हो;

ट दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य योजना और वार्षिक परिचालन योजना का अनुमोदन;

ठ आम सभा की बैठक के अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य व्यवसाय का लेन-देन

(9.3) सामान्य निकाय समय-समय पर कामकाज के लिए बैठक करेगा और ऐसी बैठकों को सामान्य निकाय बैठकें कहा जाएगा और ये तीन प्रकार की होंगी ।

क) वार्षिक आम निकाय की बैठक सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक

i) वार्षिक आम निकाय की बैठक सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 6 महीने के भीतर आयोजित की जाएगी।

